www.pratapuniversity.in



# एक भारत श्रेष्ठ भारत

राजस्थान के रंग, उत्तर प्रदेश के संग

ORGANIZED BY

**PRATAP UNIVERSITY**
Jaipur (Rajasthan)

**Shailendra Bhadauria**
Chancellor



# मा. श्री नरेन्द्र मोदी
## प्रधानमंत्री

"

"एक भारत, श्रेष्ठ भारत" कार्यक्रम का उद्देश्य अलग-अलग राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के लोगों के बीच संवाद को बढ़ाना और साझा समझ को बढ़ावा देना है जिसके माध्यम से राज्यों ने भाषा सीखने, संस्कृति, परंपराएं और संगीत, पर्यटन और खान-पान, खेल और अच्छे प्रथाओं के क्षेत्र में स्थायी और संरचित सांस्कृतिक संबंधों को प्रोत्साहित किया।"

"

सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री
Prime Minister

## संदेश

यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि प्रताप विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा प्रताप इंटरनेशनल स्कूल, कानपुर में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के छात्र-छात्राओं को राजस्थान की कला, संस्कृति, भाषा एवं यहां के लोगों के रहन-सहन, खान-पान से परिचित कराने का संस्थान द्वारा किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय है।

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' हमारे लिए एक विचार, एक सिद्धांत से भी ऊपर एक संकल्प है। यह संकल्प है विविधताओं भरे हमारे देश के सामूहिक सामर्थ्य को पहचान कर उससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का। यह संकल्प है हमारी गौरवशाली विरासत को समृद्ध करते हुए भावी पीढ़ी के लिए एक उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का।

उत्तर प्रदेश और राजस्थान दोनों ही राज्य अपनी विविध एवं समृद्ध कला और संस्कृति के लिए जाने जाते हैं। यहां की भूमि वीरता और शौर्य की गाथाएं सुनाती है। यहां के लोगों की बोलियां, भाषा, रहन-सहन, खान-पान एवं वेशभूषा, दोनों ही राज्यों को विशिष्टता प्रदान करती हैं।

हमारे देश की युवा पीढ़ी 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना की संवाहक है और अपने प्रयासों से उसे बल प्रदान करती है। मुझे प्रसन्नता है कि प्रताप विश्वविद्यालय इस कार्यक्रम के जरिए युवा पीढ़ी को परस्पर एक दूसरे की विशेषताओं को करीब से जानने का अवसर प्रदान कर रहा है। आशा करता हूं कि संस्थान अपने प्रयासों से इसी तरह निरंतर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देता रहेगा।

इस विश्वास के साथ कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं स्मारिका के प्रकाशन की हार्दिक शुभकामनाएं।

**(नरेन्द्र मोदी)**

नई दिल्ली
आषाढ़ 31, शक संवत् 1945
22 जुलाई, 2023

**आनंदीबेन पटेल**
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश



सत्यमेव जयते

राज भवन
लखनऊ - 226 027

19 जुलाई, 2023

## सन्देश

मुझे यह जानकर अतीव प्रसन्नता हुई कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के अन्तर्गत प्रताप विश्वविद्यालय, जयपुर, राजस्थान द्वारा दिनांक 22 व 23 जुलाई, 2023 को प्रताप इंटरनेशनल स्कूल, कानपुर, उत्तर प्रदेश में 'राजस्थान के रंग, उत्तर प्रदेश के संग' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

हमारा भारत विविधता को विशेषता के रूप में जीने वाला देश है। हमारे देश में अलग–अलग भाषाओं, बोलियों, कलाओं और विधाओं का उत्सव मनाया जाता हैं। आज जब 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' के अन्तर्गत इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन होते हैं, तो जनसामान्य को एक–दूसरे राज्य की सांस्कृतिक विरासत को जानने एवं समझने के साथ ही भाषा, साहित्य, खान–पान, और पर्व की जानकारी प्राप्त होती है। इससे राष्ट्रीय एकता की भावना भी प्रबल होती है।

मैं प्रताप विश्वविद्यालय, जयपुर, राजस्थान के प्रयासों की सराहना करती हूँ और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करती हूँ।

आनंदीबेन
(आनंदीबेन पटेल)

दूरभाष : 0522-2236497 फैक्स : 0522-2239488 ईमेल : hgovup@gov.in वेबसाइट : www.upgovernor.gov.in



"भारत विविधताओं का देश है यहां की मिट्टी में मातृभूमि और देशप्रेम की भावना का अद्‌भुत संगम है। जो इस देश को ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' बनाता है। इस कार्यक्रम की थीम राजस्थान के रंग, उत्तर प्रदेश के संग है। राजस्थान की धरती जो यहां के शूरवीरों की वीरता के गीत गाती हैं। यह धरती है राणा प्रताप जैसे वीर शिरोमणिओं की जिन्होंने अपने राष्ट्र के लिए सर्वोपरि बलिदान दिया। ऐसे कानपुर की गंगा और राजस्थान की अरावली की पहाड़ियों का संगम आज यहां पर हो रहा है।

मैं विशेष रूप से हमारे मुख्य अतिथि श्री राजेन्द्र राठौर जी का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होने अति व्यस्त होते हुए भी इस कार्यक्रम को अपना अमूल्य समय प्रदान किया।

माननीय मुख्य अतिथि जी, ये बड़े गौरव का विषय है कि महाराणा प्रताप समूह द्वारा किये गये इस प्रयास को माननीय प्रधानमंत्री जी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है और एक पत्र के माध्यम से उन्होने कार्यक्रम के सफल आयोजन की शुभकामनायें प्रेषित की हैं। मैं प्रधानमंत्री जी के संदेश आशीर्वचन को आप सब के समक्ष, मुख्य अतिथि जी और यहाँ पर उपस्थित सभी लोगो के समक्ष रखकर खुद को गौरवान्ति महसूस कर रहा हूं।

माननीय प्रधानमंत्री जी आपके इन आशीर्वचनों के लिए महाराणा प्रताप समूह सदैव आपका ऋणी रहेगा, आपके जो आशीर्वचन हमको प्राप्त हुए हैं, इससे हमारे संस्थान की इस मुहिम को संबल मिला है। ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' पर आपके आशीर्वचन से हमको आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। जिसके लिए मै पुन: आपको प्रणाम करता हूं।

धन्यवाद

**शैलेन्द्र भदौरिया**

कुलाधिपति

प्रताप विश्वविद्यालय

( मुख्य अतिथि द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया सम्बोधन )

# श्री राजेन्द्र राठौर

## नेता प्रतिपक्ष, भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान

"मैं सर्वप्रथम इस कार्यक्रम ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' के सफल आयोजन के लिए प्रताप विश्वविद्यालय एवं शैलेन्द्र जी को हार्दिक बधाई देता हूं। राजस्थान की कला, संस्कृति एवं भाषा को उत्तर प्रदेश की धरा तक पहुंचाने के लिए किया गया यह प्रयास सराहनीय है।

मैं स्वयं वहां पर उपस्थित होकर इस भव्य कार्यक्रम का हिस्सा बनना चाहता था परन्तु यह सौभाग्य मुझे प्राप्त न हो सका क्योंकि राजस्थान विधानसभा का ये आखिरी सत्र हैं और नेता प्रतिपक्ष होने के नाते इसमें मेरी उपस्थिति अनिवार्य थी।

अपने संदेश में मै बस यह कहना चाहूंगा कि मै जिस धरा से जुड़ा हूं उसके कण-कण में त्याग, तपस्या और मान-मर्यादा की अनेकों कहानियां छुपी हुई हैं। राजस्थान के कोने-कोने के अंदर वीरता और अपने देश के स्वाभिमान के लिए बलिदान देने वाले अनेकों अनेक वीरों की गाथा का गुणगान समेटे हुए है। अपने स्वाभिमान के लिए जाने वाले महाराणा प्रताप के नाम पर आपने अपने विश्वविद्यालय का नाम रखा है जो कि बड़े ही गौरव की बात है।

आज राजस्थान में लगभग 50 से अधिक विश्वविद्यालय हैं और इन सबके बीच प्रताप विश्वविद्यालय शिक्षा के जगत में एक उच्च स्थान पर पहुंच गया हैं, यहाँ से निकलने वाले विद्यार्थी, यहाँ पर जिस प्रकार के फैकल्टी, जिस प्रकार का वातावरण हैं मैं समझता हूं कि दूसरे विश्वविद्यालयों की नहीं होगी।

हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में धर्म और जाति से ऊपर उठकर काम किया है कश्मीर जो धारा 370 की जंजीरों में जकड़ा हुआ था उसे मुक्त करके भारत का अभिन्न अंग बनाया। मैं उस इलाके से चुनकर आता हूं जहां हमारी मुस्लिम बहनों को तीन बार तलाक कहकर उनकी जिंदगी को नरक बना दिया जाता था। इस तीन तलाक की प्रथा को खत्म करने का कार्य भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार ने ही किया है।



आज राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे हिन्दुस्तान के अंदर जिस प्रकार की लाभान्वित करने वाली एवं गरीब कल्याण की योजनाए केंद्र सरकार ने दी है वो आज तक कोई सरकार नहीं दे पाई है।

जिस ब्रिटेन ने भारत को 100 साल से भी ज्यादा समय तक गुलामी की जंजीर में जकड़ के रखा। आज हमारे देश ने उस ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को पछाड़कर पूरे विश्व को अपना लोहा मनवा दिया है।

आपका ये प्रताप विश्वविद्यालय निश्चित तौर पर शिक्षा के जगत में और ऊंचाइयों को छुएगा ऐसी मेरी कामना है। आपको पुनः इस कार्यक्रम के आयोजन की बधाई, बहुत बहुत धन्यवाद।

TIMES OF INDIA

S CITY
THE TIMES OF INDIA, KANPUR
MONDAY, JULY 24, 2023

# PM Modi hails Kanpur school for 'Ek Bharat Shrestha Bharat' show

TIMES NEWS NETWORK

**Kanpur:** Showcasing the spirit of 'Vashudhaiv Kutumbakam', students of the Pratap International School at Keshavpuram in Kanpur through their performances presented the true colours of India's 'unity in diversity.'

The presentation of the school children was part of Maharana Group of Educational Institution's "Ek Bharat, Shreshtha Bharat" event organised on the school campus in association with Jaipur-based Pratap University.

Prime Minister Narendra Modi, whose vision of 'Ek Bharat Shreshtha Bharat', was the inspiration behind the event, also sent a message, narrating significance of the theme.



Students of Pratap International School presented a cultural performances to mark 'Ek Bharat, Shreshtha Bharat' event

In a congratulatory letter written to Pratap University chancellor Shailendra Bhadauria, the PM said that the theme is not only an ideology, a vision but a pledge to unite the country in the spirit of India and Indianness.

"I am thankful to the Pratap University and Pratap International School for their thinking in this regard," the PM said. The PM also thanked the two educational institutions for sharing the mutual culture of Uttar Pradesh and Rajasthan, the two states, he said, have had a close cultural proximity.

Leader of Opposition in Rajasthan state assembly Rajendra Singh Rathore, who could not reach physically, was connected virtually and addressed the gathering. He assured to be in Kanpur soon and also cited the abrogation of Article 370 as an assertive move towards making a strong and United nation.

In his address, Pratap University Chancellor, Shailendra Bhadauria, who hails from Kanpur, said that the vision of PM Modi will go a long way in making India "Vishwa Guru". Bhadauria cited the fast growing economy of India being at fifth in the world and also the United Nations celebrating the World Yoga Day on June 21 at the initiative of PM Modi.

24th July 2023

दैनिक जागरण

# सवाई भट्ट ने 'दमा दम मस्त कलंदर' पर झुमाया

जासं, कानपुर : प्रताप विश्वविद्यालय जयपुर राजस्थान के प्रताप इंटरनेशनल स्कूल में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के दूसरे दिन सवाई भट्ट की गायकी का जादू लोगों के सिर चढ़कर बोला। दमादम मस्त कलंदर गाना सुनकर स्कूल परिसर में मौजूद छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावक भी झूम उठे।

समारोह की समापन संध्या में सवाई भट्ट ने छाप तिलक सब छीनी, मस्त नजरों से अल्ला बचाए, मेरे रश्के कमर और मेरा पिया घर आया जैसे हिट गीत सुनाए तो लोगों पर सूफियाना रंग चढ़ता चला गया। दिन में स्वरंग समूह गान प्रतियोगिता में गुरु नानक माडर्न स्कूल को प्रथम स्थान, चोखो राजस्थान फैशन शो में अनुष्का गुरुनानक माडर्न स्कूल और नृत्यांजलि समूह नृत्य में प्रताप इंटरनेशनल स्कूल, खाद्य प्रतियोगिता जीमन में स्काई वैली इंटरनेशनल स्कूल की आयुषी को प्रथम स्थान मिला। दैनिक जागरण के संपादकीय



केशवपुरम स्थित प्रताप इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में प्रस्तुति देते सवाई भट्ट ● प्रबंधन

निदेशक डा. महेन्द्र मोहन गुप्त ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। उनके साथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति शैलेंद्र भदौरिया, प्रति कुलाधिपति सुरभि भदौरिया, कुलपति प्रो. अभय कुमार मौजूद रहे। मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से दो प्रदेशों के बीच संस्कृति का आदान-प्रदान होता है।

24th July 2023

# केसरिया बालम पधारो म्हारे देस पर झूमे विद्यार्थी

जासं, कानपुर : प्रताप विश्वविद्यालय के प्रताप इंटरनेशनल स्कूल परिसर में शनिवार को शुरू हुए दो दिवसीय एक भारत श्रेष्ठ भारत की सांस्कृतिक संध्या में राजस्थानी गायक जोड़ी सरवर सरताज खान ने केसरिया बालम पधारो म्हारे देस पर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। आयोजन का शुभारंभ प्रताप विश्वविद्यालय के कुलाधिपति शैलेन्द्र भदौरिया ने किया।

सांस्कृतिक संध्या में राजस्थानी कलाकारों ने लोकनृत्य से और गायक जोड़ी ने घोरबंद नखराली,



एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में प्रस्तुति देते सरताज और सरवन ● प्रबंधन

घूमर, कालबेलिया, दमादम मस्त कलन्दर सुनाकर लोगों को खूब झुमाया। उद्घाटन अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति सुरभि भदौरिया, कुलपति प्रो. डा. अभय कुमार ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। आयोजन में आस पास के शहरों के स्कूलों एवं कालेजों से प्रतिभागियों को बुलाया गया। कलाकृति पेंटिंग में गुरूनानक माडर्न स्कूल, अभिव्यक्ति कविता में इसी स्कूल की रिद्धि जैन, एकल गायन में वैष्णवी सिंह और एकल नृत्य में एलन हाउस पनकी की आकृति सिंह को प्रथम स्थान मिला। प्रधानाचार्य शिवानी त्रिवेदी ने सभी का आभार ज्ञापित किया।

23rd July 2023

**अमरउजाला**

# राजस्थानी संस्कृति पर आधारित संगीतमय प्रस्तुति 22 और 23 को

कानपुर। एक भारत श्रेष्ठ भारत के अभियान के तहत प्रताप विश्वविद्यालय की ओर से 22 और 23 जुलाई को प्रताप इंटरनेशनल स्कूल, कल्याणपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान राजस्थान और उत्तर प्रदेश के बीच संस्कृति, भाषा और सामाजिक विचारों का आदान प्रदान किया जाएगा। इसमें स्कूल, कॉलेजों के छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी प्रताप विवि के कुलाधिपति शैलेंद्र भदौरिया ने दी।

शैलेंद्र ने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल होने वाले स्कूल कॉलेजों के लिए पेंटिंग, गायन, नृत्य, स्क्रिप्ट, कविता, फैशन शो का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान राजस्थान और उससे जुड़ी संस्कृति पर आधारित संगीतमय प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

आयोजन स्थल पर राजस्थान से जुड़े खानपान, के स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही राजस्थानी पहनावे के स्टाल पर लोग खरीदारी भी कर सकेंगे। इस दौरान खाटूश्याम मंदिर एवं सालासार बालाजी के मंदिरों की विशेष झांकी लगाई जाएगी।

## सरवर व सरताज देंगे प्रस्तुति

दंगल फिल्म का हानिकारक बापू गीत गाने वाले सरवर व सरताज खान की ओर से राजस्थानी लोक गीत की प्रस्तुति 22 जुलाई को होगी। साथ ही 23 जुलाई को इंडियन आइडल फेम संवाई भट्ट के कार्यक्रम का आयोजन होगा।

21st July 2023



प्रताप इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम में राजस्थानी घूमर नृत्य प्रस्तुत करतीं कलाकार। संवाद

## केसरिया बालम पधारो म्हारे देश...

**कानपुर।** राजस्थानी गायक सरवर व सरताज खान ने जब माइक संभालकर केसरिया बालम पधारो म्हारे देश जैसा लोकप्रिय गीत गुनगुनाया तो प्रांगण में मौजूद लोग झूमने लगे। उनके गाए राजस्थानी गीतों घोरबंद नखरालो घूमर कालबेलिया मवाई सूफी दमादम मस्त कलन्दर गाने गाकर समां बांध दिया। मौका था प्रताप इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का। पहले दिन हुई प्रतिस्पर्धाओं में शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने अपने पेंटिंग, गायन, नृत्य जैसे हुनर का प्रदर्शन किया। इस मौके पर हुए फैशन शो में भी सभी ने कैट वॉक किया। पेंटिंग बनाने में गुरुनानक मार्डन स्कूल पहले एलन हाउस दूसरे और स्काई वैली इंटरनेशनल स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। वहीं कविता में रिद्धी जैन पहले, सात्विक चौहान दूसरे और कृतिका चौहान तीसरे पर रहीं। (संवाद)

23rd July 2023

## छाप तिलक सब छीनी...गीत पर झूमे



**कानपुर।** प्रताप विश्वविद्यालय राजस्थान की ओर से प्रताप इंटरनेशनल स्कूल एक भारत श्रेष्ठ भारत सांस्कृतिक कार्यक्रम के समापन पर राजस्थानी गायक सवाई भट्ट की धमाकेदार प्रस्तुति ने सभी को झुमा दिया। गायक सवाई भट्ट ने छाप तिलक सब छीनी... दमादम मस्त कलंदर, मेरा पिया घर आया...जैसे कई गीत सुनाकर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विवि को कार्यक्रम के लिए बधाई संदेश भेजा। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। ग्रुप सिंगिंग में गुरुनानक माडर्न स्कूल, चोखो राजस्थान फैशन शो में गुरुनानक माडर्न स्कूल की अनुष्का, नृत्यांजलि ग्रुप डांस में प्रताप इंटरनेशनल स्कूल और जीमन फूड कंप्टीशन में स्काई वैली की आयुषि को विजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलाधिपति शैलेंद्र भदौरिया, सुरभि भदौरिया ने की। मुख्य अतिथि राजेंद्र राठौर ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से संस्कृतियों का आदान-प्रदान होगा। (ब्यूरो)

24th July 2023

epaper हिन्दुस्तान



केशवपुरम स्थित प्रताप इंटरनेशनल स्कूल में युवा जमकर झूमे। • हिन्दुस्तान

# दमादम मस्त कलंदर...से बांधा समां, झूमे कनपुरिए

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। केशवपुरम स्थित प्रताप इंटरनेशनल स्कूल में प्रताप विश्वविद्यालय, जयपुर की ओर से एक भारत श्रेष्ठ भारत दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को इंडियन आइडल फेम सवाई भट्ट ने दमादम मस्त कलंदर, मस्त नजरों से अल्ला बचाए जैसे कई सुनाए, जिसका जादू लोगों के सिर चढ़कर बोला। छात्रों से लेकर शिक्षक व कानपुर की आम जनता झूमती रही। इससे पहले स्कूली बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।


स्वरंग ग्रुप सिंगिंग प्रतियोगिता में गुरुनानक मॉडर्न स्कूल प्रथम, प्रताप इंटरनेशनल द्वितीय व स्काई वैली इंटरनेशनल स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। चोखो राजस्थान फैशन शो में गुरुनानक मॉडर्न स्कूल की अनुष्का प्रथम, प्रताप विश्वविद्यालय के गणेश द्वितीय व नर्चर इंटरनेशनल की अंशी सिंह तृतीय स्थान पर रहे। नृत्यांजलि ग्रुप डांस में प्रताप इंटरनेशनल स्कूल प्रथम, प्रताप विश्वविद्यालय द्वितीय स्थान पर रहा। जीमन फूड प्रतियोगिता में स्काई वैली इंटरनेशनल स्कूल की आयुषी विजेता रही। प्रताप विवि के कुलाधिपति शैलेंद्र भदौरिया, प्रति कुलाधिपति सुरभि भदौरिया, कुलपति प्रो. अभय कुमार ने विजेताओं को सम्मानित किया।

24th July 2023



प्रताप विवि ने प्रताप इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम किया। कुलाधिपति शैलेंद्र भदौरिया, प्रति कुलाधिपति सुरभि भदौरिया व कुलपति प्रो. डॉ. अभय कुमार मौजूद रहे। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों ने भाग लिया। पेंटिंग में गुरुनानक मॉडर्न स्कूल प्रथम, एलन हाउस द्वितीय व स्काई वैली इंटरनेशनल स्कूल तीसरे पर रहे।

23rd July 2023



PRATAP UNIVERSITY
Jaipur (Rajasthan)


एक भारत श्रेष्ठ भारत

राजस्थान के रंग, उत्तर प्रदेश के संग

'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के अभियान को दृष्टिगत रखते हुए प्रताप विश्वविद्यालय, जयपुर ( महाराणा प्रताप समूह ) राजस्थान और उत्तर प्रदेश के बीच संस्कृति, भाषा और सामाजिक विचारों के विनिमय हेतु दिनांक 22 व 23 जुलाई 2023 दिन शनिवार एवं रविवार को कानपुर स्थित समूह के विद्यालय प्रताप इंटरनेशनल स्कूल, कल्यानपुर, कानपुर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका प्रमुख उद्देश्य 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की कल्पना को सुदृढ़ करते हुए समरसता, एकता और समानता की भावना का प्रचार करना था।



इस कार्यक्रम में कानपुर व आस पास के शहरों से प्रतिष्ठित स्कूलों एवं कालेजों को विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया। इस आयोजन में पेंटिंग, गायन ( सोलो और ग्रुप ), नृत्य ( सोलो और ग्रुप ), स्किट, कविता और फैशन शो जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया। सभी प्रतिस्पर्धाओं में राजस्थान या उससे जुड़ी संस्कृति पर आधारित संगीतमय प्रस्तुतियां दी गई। प्रतिस्पर्धाओं के उपरांत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों व छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।



इस आयोजन का उद्देश्य हमारे छात्र-छात्राओं को उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन करने और राजस्थान की समृद्ध विरासत और परंपराओं को जानने का एक अवसर प्रदान करना था।

आयोजन स्थल पर राजस्थान से जुड़े खान-पान की वस्तुओं जैसे दाल-बाटी-चूरमा, गट्टा मसाला, राजस्थानी कढ़ी-कचौड़ी के स्टॉल भी लगाये गये। वहां पर आने वाले अभिभावक व अन्य लोगों ने इन राजस्थानी व्यंजनों का भरपूर लुत्फ उठाया।

इसके साथ ही राजस्थानी पहनावे व रहन-सहन से जुड़ी वस्तुयें जैसे कुर्ता, पगड़ी, चूड़ा, ज्वैलरी, पेंटिंग आदि के स्टॉल भी लोगों की खरीददारी के लिए लगाये गये। जो कि सम्पूर्ण भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अत्यंत प्रसिद्ध हैं।

राजस्थान के प्रसिद्ध खाटू श्याम जी मंदिर एवं सालासार बालाजी के मंदिरों की विशेष झांकी भी लगाई गई जिसके दर्शन एवं वास्तविक मंदिरों के प्रसाद के वितरण की भी व्यवस्था की गई। जिससे वहां पर आने वाले लोगों ने इन मंदिरों के प्रसाद को ग्रहण कर पावन सुख की अनुभूति की।

अंत में लोगों के मनोरंजन हेतु दोनो दिन सायं 7 बजे से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया गया जिसमें शनिवार दिनांक 22 जुलाई 2023 को राजस्थान के ख्याति प्राप्त लोकगायक, दंगल के हानिकारक बापू गाने से सुर्खियां बटोरने वाले, सरवर व सरताज खान द्वारा राजस्थानी लोक संगीत व नृत्य की प्रस्तुति दी गई और कार्यक्रम के दूसरे व आखिरी दिन रविवार 23 जुलाई 2023 को इंडियन आइडल से प्रसिद्धि पाने वाले गायक सवाई भट्ट द्वारा शानदार शाम का आयोजन किया गया। जिसे सभी ने खूब सराहा।

## आयोजन स्थल - प्रताप इंटरनेशनल स्कूल, कानपुर

> प्रताप इंटरनेशनल स्कूल, कानपुर के कोने कोने का सुंदरीकरण, स्वागत द्वार, सेल्फी कार्नर आदि को राजस्थानी के सजावटी सामानों से सजाया गया। जिसने कार्यक्रम स्थल को ''एक भारत-श्रेष्ठ भारत'' की भावना से भर दिया।












"प्रताप इंटरनेशनल स्कूल, कानपुर के प्रांगण में राजस्थान से जुड़ी वस्तुओं, खान-पान आदि के स्टॉल लगाये गये। जिनके नाम भी राजस्थानी शैली में दिये गये जैसे - चाय की थणी, चोखो गट्टो, तीखो मेवाड़, जोधपुरी बाटी, बापू बाजार, बड़ी चौपड़ आदि।














## 1. नृत्य अभय - एकल नृत्य कम्पटीशन    2. मीठी बोली - एकल गायन कम्पटीशन

"

**स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई प्रस्तुतियों ने मानो राजस्थान को मंच पर जीवंत कर दिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में एक भारत - श्रेष्ठ भारत थीम पर छात्राओं ने खूबसूरत कलाकृतियां बनाकर अपनी प्रतिभा को लोहा मनवाया।**















3. कलाकृति - पेंटिंग कम्पटीशन 4. अभिव्यक्ति - कविता कम्पटीशन






कार्यक्रम के भाग लेने वाले कुछ प्रमुख विद्यालयों के नाम निम्न प्रकार हैं :-

1. गुरूनानक माडर्न स्कूल
2. स्काई वैली इंटरनेशनल स्कूल
3. वीरेन्द्र स्वरूप पब्लिक स्कूल
4. एलन हाउस स्कूल
5. वीरेन्द्र स्वरूप एजूकेशन सेंटर
6. जैन इंटरनेशनल स्कूल
7. प्रताप इंटरनेशनल स्कूल
8. नर्चर इंटरनेशनल स्कूल











> कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों एवं शिक्षकों को भी आमंत्रित किया गया था जिन्होंने प्रतियोगिताओं के दौरान छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया।





















### प्रतिस्पर्धा - नृत्य अभय (एकल नृत्य)

1. प्रथम स्थान : आकृति सिंह (एलन हाउस पनकी)
2. द्वितीय स्थान : जान्हवी तिवारी (नर्चर इंटरनेशनल)
3. तृतीय स्थान : अक्षत जायसवाल (स्काई वैली इंटरनेशनल स्कूल)

### प्रतिस्पर्धा - मीठी बोली (एकल गायन)

4. प्रथम स्थान : वैष्णवी सिंह (गुरूनानक माडर्न स्कूल)
5. द्वितीय स्थान : प्रिंसी सिंह (प्रताप इंटरनेशनल)
6. तृतीय स्थान : रोहिनी शुक्ला (डा. वीरेन्द्र स्वरूप)

### पुरस्कार वितरण हेतु अतिथिगण

प्रो. (डॉ.) अभय कुमार, कुलपति, प्रताप विश्वविद्यालय

डॉ. राशि मिश्रा, मशहूर गायनोकोलॉजिस्ट

"छात्र-छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु टॉप - 3 प्रतिभागियों को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।


7


10


8


11


9


12

### प्रतिस्पर्धा - कलाकृति ( पेंटिंग कम्पटीशन )

7. प्रथम स्थान : गुरूनानक माडर्न स्कूल
8. द्वितीय स्थान : एलन हाउस
9. तृतीय स्थान : स्काई वैली इंटरनेशनल स्कूल

### प्रतिस्पर्धा - अभिव्यक्ति ( कविता कम्पटीशन )

10. प्रथम स्थान : रिद्धी जैन ( गुरूनानक माडर्न स्कूल )
11. द्वितीय स्थान : सात्विक चौहान ( एलन हाउस पनकी )
12. तृतीय स्थान : कृतिका चौहान ( प्रताप इंटरनेशनल )

### पुरस्कार वितरण हेतु अतिथिगण

श्रीमती नीलिमा कटियार, पूर्व शिक्षामंत्री एवं विधायक

श्रीमती रितु गुप्ता, चित्रकार









> सांस्कृतिक संध्या में राजस्थानी लोकगीतों पर प्रसिद्ध लोकनृत्य घूमर, कालबेलिया, भवाई आदि पर नृत्य देखकर लोग झूम उठे।

परिचय :-

## सरवर खान

सरवर खान जैसलमेर के एक छोटे से गाँव डांगरी के एक असाधारण प्रतिभाशाली लोक गायक हैं। एक बाल कलाकार के रूप में सरवर खान हिंदी फीचर फिल्म दंगल के गीत ''बापू सेहत के लिए तू तो हानिकारक है'' को अपनी आवाज देने के बाद रातोंरात स्टार बन गए। सरवर खान के पिता करीम खान भी एक पारंपरिक लोक कलाकार हैं। बहुत कम उम्र में सरवर ने अपने नानाजी हसम खान और अपने चाचा कुतुब खान से गायन की कला सीखी। सरवर खान अब तक आस्ट्रेलिया, बैंकाक, दुबई, मलेशिया और थाईलैंड समेत 10 देशों में शो कर चुके हैं।










-: परिचय

## सरताज खान

सरताज खान राजस्थान के जैसलमेर के बरना गांव के रहने वाले हैं। वह जब 11 साल के थे तब एक बाल कलाकार के तौर पर स्टार बन गए। गायन उनकी रग रग में है, वह प्रसिद्ध खरताल वादक गाजी खान के बेटे हैं। उनकी प्रसिद्धि का मुख्य कारण आमिर खान अभिनीत फिल्म दंगल से हिंदी फिल्म उद्योग में प्रवेश करना है। उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 200 से भी ज्यादा विदेश यात्राएं की हैं। सरताज सूफी और राजस्थानी लोक संगीत में माहिर हैं, यह उन्हें एक शक्तिशाली आवाज और अद्वितीय कद प्रदान करता है।

> "प्रतिस्पर्धाओं का शुभारंभ पारम्परिक दीप-प्रज्जवलन, अतिथियों के स्वागत एवं विद्यार्थियों द्वारा अभिनीत गणेश वंदना से हुआ।















"सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ बाबा खाटूश्याम एवं सालासार बालाजी की सायंकालीन आरती से किया गया।













दीप प्रज्वलन एवं सायंकालीन आरती में प्रताप विश्वविद्यालय के कुलाधिपति शैलेन्द्र भदौरिया, प्रति कुलाधिपति सुरभि भदौरिया एवं कुलपति प्रो. डॉ. अभय कुमार उपस्थित रहे। उन्होने अपने उद्घाटन संबोधन में छात्र-छात्राओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं उत्साहवर्धन किया।

1. स्वरंग - ग्रुप सिंगिंग कम्पटीशन 2. चोखो राजस्थान - फैशन शो









“

**कानपुर शहर व आस-पास के स्कूल से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और राजस्थानी गीतों पर अपनी प्रस्तुतियां दीं।**



3. नृत्यांजलि – ग्रुप डांस कम्पटीशन    4. जीमन – फूड कम्पटीशन










“प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं का चयन वेशभूषा, हावभाव, बोली, गाने का चयन आदि के आधार पर किया गया।



## विजेता - दिवस 2


















### प्रतिस्पर्धा - स्वरंग ( ग्रुप सिंगिंग कम्पटीशन )

1. प्रथम स्थान : गुरूनानक माडर्न स्कूल
2. द्वितीय स्थान : प्रताप इंटरनेशनल
3. तृतीय स्थान : स्काई वैली इंटरनेशनल स्कूल

### प्रतिस्पर्धा - चोखो राजस्थान ( फैशन शो )

4. प्रथम स्थान : अनुष्का ( गुरूनानक माडर्न स्कूल )
5. द्वितीय स्थान : गणेश ( प्रताप विश्वविद्यालय )
6. तृतीय स्थान : अंशी सिंह ( नर्चर इंटरनेशनल )

### प्रतिस्पर्धा - नृत्यांजलि ( ग्रुप डांस कम्पटीशन )

7. प्रथम स्थान : प्रताप इंटरनेशनल स्कूल
8. द्वितीय स्थान : प्रताप विश्वविद्यालय

### प्रतिस्पर्धा - जीमन ( फूड कम्पटीशन )

9. आयुषी ( स्काई वैली इंटरनेशनल स्कूल )

### पुरस्कार वितरण हेतु अतिथिगण

श्री महेन्द्र मोहन गुप्ता, प्रबंध निदेशक, दैनिक जागरण समूह
श्री शैलेन्द्र भदौरिया, कुलाधिपति, प्रताप विश्वविद्यालय
श्रीमती सुरभि भदौरिया, प्रतिकुलाधिपति, प्रताप विश्वविद्यालय
प्रो. ( डॉ. ) अभय कुमार, कुलपति, प्रताप विश्वविद्यालय


6


7


8


9

आप सभी छात्र-छात्रायें अपार गुणों के धनी हैं। मैं आप सभी के उज्जवल भविष्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं।

**शैलेन्द्र भदौरिया**

कुलाधिपति, प्रताप विश्वविद्यालय

( पुरस्कार वितरण के दौरान छात्र-छात्राओं से बातचीत करते हुए )



> सवाई भट्ट के राजस्थानी गीतों से सजी एक शाम जिसने सभी का मन आनंद और उल्लास से भर दिया।





## सवाई भट्ट

सवाई भट्ट का जन्म राजस्थान के नागौर जिले के एक छोटे से गांव गच्छीपुरा में वर्ष 1998 में हुआ। सवाई भट्ट के पिता रमेश भट्ट कठपुतली का नाच दिखा कर गुजारा करते हैं। सवाई भट्ट अपने परिवार में सबसे बड़े पुत्र हैं तथा इनके चार छोटे भाई बहन भी है। सवाई भट्ट ने अपने पिता से संगीत की शिक्षा ली। पारिवारिक स्थिति अच्छी न होने से सवाई भट्ट बिल्कुल भी नहीं पढ़ पाए। यह धीरे-धीरे कुछ बड़े मंच पर जाकर गाना गाने का काम करने लगे। इनकी आवाज को इनके दोस्तों ने काफी पसंद किया।

सवाई भट्ट ने इंडियन आइडल-12 मे जाकर अपनी दमदार आवाज से पूरे देश में अपने कई प्रशंसक बनाएं। सवाई भट्ट ने अपने जीवन में इस मुकाम को हासिल करने के लिए कई चुनौतियों का सामना किया तथा इसमें इनके कई दोस्तों का साथ भी रहा, तब जाकर सवाई भट्ट जैसा एक शानदार गायक कलाकार हमारे सामने उभर कर आ पाया। 2020 में हुए इंडियन आईडल शो में सवाई भट्ट ने राजस्थानी गाना 'केसरिया बालम आओ नी पधारो म्हारे देश' गाकर सारी आडियंस को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा उनकी इस परफार्मेंस की इंडियन आइडल शो के सभी जजों ने काफी ज्यादा प्रशंसा की थी।









## अन्य झलकियां - दिवस 2




पुरस्कार पाने वाले छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों ने ''एक भारत- श्रेष्ठ भारत'' अभियान की शुरूआत करने पर प्रधानमंत्री मोदी की भूरि-भूरि प्रशंसा की। साथ ही प्रताप विश्वविद्यालय को इस कार्यक्रम का आयोजन कर प्रतिभा का प्रदर्शन करने हेतु मंच उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद दिया।



मुख्य अतिथि - श्री राजेन्द्र राठौर, नेता प्रतिपक्ष, राजस्थान बीजेपी

मुख्य अतिथि श्री राजेन्द्र राठौर ने अपने उद्‌बोधन में कार्यक्रम के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की और प्रताप विश्वविद्यालय को बधाई दी। उन्होने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से दो प्रदेशों के बीच संस्कृति का आदान प्रदान होता है और छात्रों के माध्यम से ये अभिभावकों एवं अन्य लोगों तक पहुंचता है जिससे इसका प्रसार भी सुनिश्चित होता है।

# कार्यक्रम की सफलता के सूत्रधार



बाबा खाटूश्यामजी



सालासार बालाजी

एक भारत श्रेष्ठ भारत

राजस्थान के रंग, उत्तर प्रदेश के संग

ORGANIZED BY

**PRATAP UNIVERSITY**

**(A VENTURE OF MAHARANA PRATAP GROUP)**

Sunderpura, Chandwaji, Jaipur-303104 (Rajasthan)

Contact : +91 8955405959, +91 8000125302

• Email : info@pratapuniversity.in

• www.pratapuniversity.in



**Shailendra Bhadauria**

Chancellor

